# भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियमन, 2016[1]

**[20-09-2022 तक संशोधित]**

**सं. आईबीबीआई/2016-17/जीएन/आरईजी 003.–** : बोर्ड, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (2016 का 31) की धारा 240 के साथ पठित धारा 196, 207 और 208 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियमन बनाता है, अर्थात्-

**अध्याय-I**

**सामान्य**

**संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**

1. (1) इन विनियमनों को भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियमन, 2016 कहा जाएगा।

(2) ये विनियमन 29 नवंबर, 2016 से प्रवृत्त होंगे ।

**परिभाषाएं**

2. (1) इन विनियमनों में जब तक संदर्भ में अन्यथा अभिप्रेत न हो-

[2][(क) "नियत कार्य(असाइनमेंट)" से किसी दिवाला व्यावसायिक का अंतरिम समाधान व्यावसायिक, समाधान व्यावसायिक, परिसमापक, शोधन अक्षमता न्यासी, प्राधिकृत प्रतिनिधि या संहिता के अधीन किसी अन्य भूमिका में कोई नियत कार्य अभिप्रेत है;

---

[1] अधिसूचना सं.आईबीबीआई/2016-17/जीएन/आरईजी003., दिनांकित 23-11-2016, भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग-III खण्ड 4 में प्रकाशित।

[2] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2019-20/जी.एन./आर.ई.जी.045, दिनांकित 23-07-2019 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(कक) “नियत कार्य (असाइनमेंट) के लिए प्राधिकार” से किसी दिवाला व्यावसायिक एजेंसी द्वारा किसी ऐसे दिवाला व्यावसायिक को, जो उसका व्यावसायिक सदस्य है, उसकी उप-विधियों के अनुसार जारी किसी नियत कार्य को आरंभ करने का प्राधिकार अभिप्रेत है;

(कख) “विधिज्ञ परिषद्” से अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25) के अधीन गठित कोई विधिज्ञ परिषद् अभिप्रेत है;’।]

(ख) “पंजीकरण का प्रमाण पत्र” से बोर्ड द्वारा इन विनियमों के साथ पठित संहिता की धारा 207 के अधीन प्रदान किए गए पंजीकरण के प्रमाण पत्र से अभिप्रेत है;

(ग) “संहिता” से दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (2016 का 31) से अभिप्रेत है;

(घ) “भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान” से चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 (1949 का 38) के अधीन स्थापित संस्थान से अभिप्रेत है;

(ङ) “भारतीय लागत लेखाकार संस्थान” से लागत एवं संकर्म लेखाकार अधिनियम, 1959 (1959 का 23) के अधीन स्थापित संस्थान से अभिप्रेत है;

(च) “भारतीय कंपनी सचिव संस्थान” से कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 (1980 का 56) के अधीन स्थापित संस्थान से अभिप्रेत है; और

(छ) “व्यावसायिक सदस्य’ से किसी दिवाला व्यावसायिक एजेंसी के सदस्य के रूपमें नामांकित किए गए व्यक्ति से अभिप्रेत है।

(2) जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो इन विनियमनों में प्रयुक्त शब्दों और अभिव्यक्तियों जिन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, के वही आशय होंगे जो उन्हें इस संहिता में दिए गए हैं।

## अध्याय-II

## दिवाला परीक्षाएं

3. (1) यह बोर्ड दिवाला, शोधन अक्षमता और प्रासंगिक विषयों में व्यक्तियों के ज्ञान और व्यावहारिक दक्षता की जांच करने के लिए स्वयं या किसी नामित एजेंसी के माध्यम से ऐसी रीति में और ऐसे समय अंतराल पर, जैसा कि विहित किया जाए, ‘राष्ट्रीय दिवाला परीक्षा’ का आयोजन करेगा।

(2) यह बोर्ड दिवाला, शोधन अक्षमता और प्रासंगिक विषयों में व्यक्तियों के ज्ञान और ज्ञान के विनियोग की जांच करने के लिए स्वयं या किसी नामित एजेंसी के माध्यम से एक 'सीमित दिवाला परीक्षा' आयोजित करेगा।

[3][(3) सीमित दिवाला परीक्षा का पाठ्यक्रम, प्रारूप, अर्हक अंक और उसकी बारंबारता, परीक्षा से कम से कम तीन माह पूर्व बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी ।

## अध्याय-III
## दिवाला व्यावसायिकों का पंजीकरण

**पात्रता**

4. कोई व्यक्ति दिवाला व्यावसायिक के रूप में पंजीकरण का पात्र नहीं होगा यदि वह -

(क) नाबालिग है;

(ख) भारत में न रहता हो;

(ग) यथास्थिति विनियमन 5 या विनियमन 9 में निर्दिष्ट अर्हताएं और अनुभव न रखता हो;

(घ) किसी सक्षम न्यायालय द्वारा छः माह से अधिक अवधि के लिए या नैतिक भ्रष्टता वाले किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो और दंड समाप्त होने की तारीख से पांच वर्ष न बीते हों;

*परंतु* यह यदि किसी व्यक्ति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है और उसके लिए उसे सात वर्ष या अधिक अवधि के के लिए सजा दी गई है तो वह पंजीकरण के लिए पात्र नहीं होगा;

(ड.) वह एक अभुक्त दिवाला है या उसने दिवाला के रूप में निर्णय हेतु आवेदन किया हो;

---

[3] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2017-18/जी.एन./आर.ई.जी.027, दिनांकित 27-03-2018 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(च) उसे अस्वस्थ मानसिकता वाला घोषित किया गया हो; या

(छ) वह उपयुक्त और उचित व्यक्ति न हो।

**स्पष्टीकरण-** यह निर्धारित करने के लिए कि कोई व्यक्ति इन विनियमनों के अधीन उपयुक्त और उचित है, यह बोर्ड सही समझे जाने वाले निम्नलिखित मानकों सहित परंतु उन तक सीमित न रहते हुए किसी भी दृष्टिकोण से विचार करेगा -

(i) सत्यनिष्ठा, प्रतिष्ठा और चरित्र,

(ii) अपराध सिद्धि और निरोधक आदेश न होना, और

(iii) वित्तीय साख तथा निवल मूल्य सहित सक्षमता।

**[4][अर्हताएं और अनुभव**

5. (1) इन विनियमनों के अन्य उपबंधों के अधीन रहते हुए, कोई व्यक्ति पंजीकरण के लिए तभी पात्र होगा, यदि उसने -

(क) दिवाला व्यावसायिक एजेंसी के पास नामांकन के लिए अपने आवेदन की तारीख से पूर्व बारह माह के भीतर सीमित दिवाला परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है;

(ख) उसने किसी दिवाला व्यावसायिक एजेंसी में व्यवसायिक सदस्य के रूप में नामांकन के पश्चात से ऐसा पंजीकरण-पूर्व शैक्षिक पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, जैसी कि बोर्ड द्वारा अपेक्षा की जाए; और

(ग) उसने -

(i) बोर्ड द्वारा यथा-अनुमोदित राष्ट्रीय दिवाला कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है;
(ii) बोर्ड द्वारा यथा-अनुमोदित स्नातक दिवाला कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है;
(iii) [5][विधि द्वारा स्थापित या मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा किसी अनुमोदित संस्थान से-

(क) विधि में बैचलर डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् विधि के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव,

---

[4] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2017-18/जी.एन./आर.ई.जी.027, दिनांकित 27-03-2018 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[5] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा प्रतिस्थापित

(ख) प्रबंधन में मास्टर डिग्री या प्रबंधन में दो-वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त करने के पश्चात् प्रबंधन में दस वर्ष का अनुभव, या

(ग) बैचलर डिग्री प्राप्त करने के पश्चात्, प्रबंधन में पन्द्रह वर्ष का अनुभव; या]

(iv)के रूप में दस वर्ष का अनुभव है-

(क) भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के सदस्य के रूप में पंजीकृत चार्टर्ड अकाउंटेंट,

(ख) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के सदस्य के रूप में पंजीकृत कंपनी सचिव,

(ग) भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के सदस्य के रूप में पंजीकृत लागत लेखाकार, या

(घ) बार काउंसिल में पंजीकृत अधिवक्ता |

[6][**स्पष्टीकरण 1** - इस विनियम के प्रयोजनों के लिए, केवल वृत्तिक और प्रबंधकीय अनुभव पर विचार किया जाएगा ।

**स्पष्टीकरण 2** - (क) उपखंड (iii) के अधीन दस या पन्द्रह वर्ष के कुल अनुभव की गणना करने के प्रयोजनार्थ, उपखंड (iv) के अधीन किसी अवधि के अनुभव को शामिल किया जाएगा;

(ख) उपखंड (iv) के अधीन दस वर्ष के कुल अनुभव की गणना करने के प्रयोजनार्थ उस उपखंड की किसी भी मद के अधीन किसी अवधि के अनुभव को शामिल किया जाएगा ।

**दृष्टांत 1**

जहां किसी व्यष्टि के पास उपखंड (iii) के अधीन नौ वर्ष का अनुभव और उपखंड (iv) के अधीन छह वर्ष का अनुभव है वहां उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसके पास उपखंड (iii) के प्रयोजनों के लिए पन्द्रह वर्ष का अनुभव है ।

**दृष्टांत 2**

जहां किसी व्यष्टि के पास उपखंड (iv) की मद (क) के अधीन छह वर्ष का अनुभव और उपखंड (iv) की मद (घ) के अधीन चार वर्ष का अनुभव है वहां उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसके पास उपखंड (iv) के प्रयोजनों के लिए दस वर्ष का कुल अनुभव है ।]

**पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए आवेदन**

[6] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा अंतःस्थापित।

6. (1) किसी दिवाला व्यावसायिक एजेंसी में एक व्यावसायिक सदस्य के रूप में पंजीकृत कोई व्यक्ति इन विनियमों की दूसरी अनुसूची के प्रारूप क में [7][बीस]हजार रुपए के गैर-प्रत्यावर्तनीय आवेदन शुल्क के साथ बोर्ड को आवेदन कर सकता है।

(2) यह बोर्ड इस विनियमन के अधीन आवेदन प्राप्ति के सात दिन के अंदर इसकी पावती देगा।

(3) यह बोर्ड आवेदक को समुचित समय के भीतर अतिरिक्त दस्तावेज, सूचना या स्पष्टीकरण, जैसा कि वह उपयुक्त समझे, प्रस्तुत करने को कह सकता है।

(4) यह बोर्ड किसी आवेदक को समुचित समय के भीतर बोर्ड के समक्ष व्यक्तिगत रूप से या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन पर कार्रवाई के लिए अपेक्षित स्पष्टीकरण हेतु उपस्थित होने को कह सकता है।

**पंजीकरण का प्रमाण पत्र**

7. (1) यदि बोर्ड आवश्यक समझे जाने वाले निरीक्षण या जांच के बाद संतुष्ट है कि आवेदक इन विनियमनों के अधीन पात्र है तो वह बोर्ड आवेदन प्राप्ति के साठ दिन के अंदर इन विनियमनों की दूसरी अनुसूची के प्रारूप ख में दिवाला व्यावसायिक के कार्यकलापों को चलाने हेतु पंजीकरण का प्रमाण पत्र दे सकता है जिसमें बोर्ड द्वारा यथास्थिति अतिरिक्त दस्तावेज, सूचना या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए दिया गया समय शामिल नहीं है।

(2) यह पंजीकरण इन शर्तों के अधीन होगा कि दिवाला व्यावसायिक -

(क) हमेशा संहिता, इसके अधीन नियमों, विनियमनों और दिशानिर्देशों तथा दिवाला व्यावसायिक एजेंसी, जिसमें वह पंजीकृत है, की उप-विधियों का पालन करेगा;

(ख) हमेशा विनियमन 4 के अधीन अपेक्षाओं को पूरा करेगा;

[8](खक) ऐसी निरंतर व्यावसायिक शिक्षा पूरी करेगा, जैसी कि बोर्ड द्वारा अपेक्षा की जाए;

---

[7] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[8] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2017-18/जी.एन./आर.ई.जी.027, दिनांकित 27-03-2018 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(खख) संहिता के अधीन अपने किसी कर्तव्य और उत्तरदायित्व का पालन, सिवाय उनके जो बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से अनुज्ञात हैं, बाहरी स्रोत से नहीं कराएगा।]

[9][(ग) यदि दिवाला व्यावसायिक एक व्यष्टि है तो बीस हजार रूपए की फीस या यदि दिवाला व्यावसायिक एक दिवाला व्यावसायिक संस्था है तो दो लाख रुपए की फीस का संदाय उस वर्ष के पश्चात्, जिसमें प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, प्रत्येक पांच वर्ष में बोर्ड को करेगा और ऐसी फीस का संदाय उस वर्ष की, जिसमें यह देय होती है, 30 अप्रैल को या उससे पूर्व किया जाएगा ।

दृष्टांत

जहां रजिस्ट्रीकरण वर्ष 2021-22 में, 2 फरवरी, 2022 को प्रदान किया जाता है वहां फीस पांच वर्षों (2022-23, 2023-24, 2024-25, 2025-26 और 2026-27) के पश्चात् 1 अप्रैल, 2027 को देय हो जाएगी और वह 30 अप्रैल, 2027 को या उससे पूर्व संदेय होगी ।]

(गक) बोर्ड को, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में उसके द्वारा दिवाला व्यावसायिक के रूप में प्रदान की गई सेवाओं के लिए अर्जित व्यावसायिक फीस के [10][एक प्रतिशत]की दर पर संगणित फीस का संदाय, दूसरी अनुसूची के प्ररूप ङ में की विवरणी सहित प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उससे पूर्व करेगा;]

[11][परन्तु वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिक इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2020 को या उससे पूर्व करेगा।]

[12][परन्तु यह और कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिक इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2021 को या उससे पूर्व करेगा ।]

[13][परन्तु यह और कि जहां दिवाला व्यावसायिक एक दिवाला व्यावसायिक संस्था है वहां वह बोर्ड को, प्रत्येक वर्ष के 30 अप्रैल को या उससे पूर्व दूसरी अनुसूची के प्ररूप छ में एक विवरणी सहित पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में उसके द्वारा दिवाला व्यावसायिक के रूप में प्रदान की गई सेवाओं के लिए अर्जित व्यावसायिक फीस के एक प्रतिशत की दर पर संगणित फीस का संदाय करेगी ।]

[14][(गख) बोर्ड को, दूसरी अनुसूची के प्ररूप ङक में विवरणी सहित, प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् तीस दिन की अवधि के भीतर या दिवाला समाधान प्रक्रिया के बन्द हो

---

[9] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[10] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[11] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2020-2021/जी.एन./आर.ई.जी.057, दिनांकित 20-04-2020 द्वारा अंतःस्थापित।

[12] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2021-2022/जी.एन./आर.ई.जी.073, दिनांकित 27-04-2021 द्वारा अंतःस्थापित ।

[13] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा अंतःस्थापित ।

[14] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा अंतःस्थापित ।

जाने पर, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियम 31क के उप-विनियम (2) के अधीन विनिर्दिष्ट फीस का संदाय करेगा ।

स्पष्टीकरण: "तिमाही" से किसी वित्तीय वर्ष के जनवरी, अप्रैल, जुलाई या अक्तूबर के प्रथम दिवस से प्रारंभ होने वाली तीन मास की अवधि अभिप्रेत है ।]

(घ) यदि वह भारत का नागरिक नहीं है तो वह दिवाला व्यावसायिक के रूप में अपनी सेवाएं तब तक नहीं देगा जब तक कि वह विनियमन 13 के अधीन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था का एक भागीदार या निदेशक नहीं बन जाता;

(ङ) एक दिवाला व्यावसायिक एजेंसी से दूसरी एजेंसी में अपनी व्यावसायिक सदस्यता अंतरित करने के लिए दोनों संबंधित दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों से अनापत्ति प्राप्त करने के बाद बोर्ड की पूर्व अनुमति लेगा;

(च) शिकायतों के समाधान के लिए पर्याप्त उपाय करेगा;

(छ) कोई कार्य पूरा होने के कम से कम तीन वर्ष तक संहिता के अधीन उसके द्वारा किए गए सभी कार्यों का रिकार्ड रखेगा;

(ज) इन विनियमनों के पहली अनुसूची में निर्दिष्ट आचार संहिता का अनुपालन करेगा; और

(झ) बोर्ड द्वारा लगाई गई ऐसी अन्य शर्तों का पालन करेगा।

**[15][नियतकार्य के लिए प्राधिकार**

7क. कोई दिवाला व्यावसायिक 31 दिसम्बर, 2019 के पश्चात् तब तक कोई नियतकार्य स्वीकार या हाथ में नहीं लेगा जब तक कि वह, यथास्थिति, ऐसे नियत कार्य के स्वीकार या प्रारंभ करने की तारीख को कोई विधिमान्य प्राधिकार धारित न करता हो:

परन्तु इस विनियम के उपबंध ऐसे किसी नियत कार्य को लागू नहीं होंगे जिसे कोई दिवाला व्यावसायिक -

(क) 31 दिसम्बर, 2019; या

(ख) नियत कार्य के लिए उसके प्राधिकार के अवसान की तारीख,

---

[15] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2019-20/जी.एन./आर.ई.जी.045, दिनांकित 23-07-2019 द्वारा अंतःस्थापित ।

को आरंभ कर रहा है।]

**प्रमाण पत्र प्रदान करने से इंकार**

8. (1) यदि विनियमन 6 के अधीन किए गए आवेदन पर विचार करने के बाद बोर्ड का प्रथम दृष्टतया यह मत है कि पंजीकरण प्रदान नहीं किया जाना चाहिए तो ऐसा मत बनाने के कारणों को सूचित करेगा और आवेदक को बोर्ड से सूचना प्राप्ति के पंद्रह दिन के अंदर एक अंतिम मत बनाने के लिए यह स्पष्ट करने का अवसर देगा कि उसका आवेदन क्यों स्वीकार किया जाए।

(2) आवेदन प्राप्ति के 45 दिन के अंदर आवेदक को उप-विनियमन (1) के अधीन सूचित किया जाएगा जिसमें बोर्ड द्वारा यथास्थिति अतिरिक्त दस्तावेज, सूचना या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए दिया गया समय शामिल नहीं है।

(3) उप-विनियमन (1) के अधीन आवेदक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण, यदि हो पर विचार करने के बाद यह बोर्ड अपना निर्णय सूचित करेगा -

(क) आवेदन की स्वीकृति और पंजीकरण प्रमाण पत्र,

(ख) एक आदेश द्वारा आवेदन की नामंजूरी और उसके कारण

स्पष्टीकरण की प्राप्ति के तीस दिन के अंदर।

**सीमित अवधि के लिए पंजीकरण**

9. [16][∗∗∗]

**[17][अध्याय-IV**

**नियत कार्य के लिए प्राधिकार जारी करना और उसका अभ्यर्पण तथा अनुशासनिक कार्यवाहियां]**

**अस्थायी अभ्यर्पण**

10. [18][(1) कोई दिवाला व्यावसायिक एजेंसी जब वह -

---

16 अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा लोप किया गया।

17 अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2019-20/जी.एन./आर.ई.जी.045, दिनांकित 23-07-2019 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(क) नियत कार्य के लिए कोई प्राधिकार जारी करती है या उसका नवीकरण करती है;

(ख) नियत कार्य के लिए किसी प्राधिकार को निलंबित या रद्द करती है;

(ग) नियत कार्य के लिए किसी प्राधिकार का प्रतिसंहरण या निलंबन करती है;

(घ) नियत कार्य के लिए किसी प्राधिकार के अभ्यर्पण को स्वीकार करती है,

ऐसी कार्रवाई करने के एक कार्य दिवस के भीतर बोर्ड को सूचित करेगी ।]

(2) यह बोर्ड उप-विनियमन (1) के अधीन प्राप्त सूचना को नोट करेगा।

**[19][अनुशासनिक कार्यवाहियां**

11. अनुशासनिक कार्यवाहियों का संचालन भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (निरीक्षण और अन्वेषण) विनियम, 2017 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।]

## अध्याय V

## दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं की मान्यता

**दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं की मान्यता :**

12. [20][(1) किसी कंपनी, किसी रजिस्ट्रीकृत भागीदारी फर्म या किसी सीमित दायित्व भागीदारी को किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था के रूप में तभी मान्यता दी जा सकेगी, यदि -

(क) [21][उसका एकमात्र उद्देश्य दिवाला व्यावसायिकों को सहायता सेवाएं प्रदान करना है];

---

[18] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2019-20/जी.एन./आर.ई.जी.045, दिनांकित 23-07-2019 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[19] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.088, दिनांकित 04-07-2022 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[20] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2017-18/जी.एन./आर.ई.जी.027, दिनांकित 27-03-2018 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[21] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2020-21/ जी.एन./आर.ई.जी.061, दिनांकित 30-06-2020 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(ख) उसका शुद्ध मूल्य एक करोड़ रुपए से कम नहीं है;

(ग) [22][उसके अधिकांश इक्विटी शेयर] ऐसे दिवाला व्यावसायिकों द्वारा धारित हैं, जो यदि वह एक कंपनी है तो उसके निदेशक हैं;

(घ) अधिकांश पूंजी अंशदान ऐसे दिवाला व्यावसायिकों द्वारा किया जाता है, जो कि यदि वह एक सीमित दायित्व भागीदारी फर्म या कोई रजिस्ट्रीकृत भागीदारी फर्म है तो उसके भागीदार हैं;

(ङ) उसके अधिकांश, यथास्थिति, भागीदार या निदेशक दिवाला व्यावसायिक हैं;

(च) उसके अधिकांश पूर्णकालिक निदेशक, यदि वह एक कंपनी है, दिवाला व्यावसायिक हैं; और

(छ) उसका कोई भी भागीदार या निदेशक किसी अन्य दिवाला व्यावसायिक संस्था का भागीदार या निदेशक नहीं है :

[23][परन्तु भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2021 के प्रारंभ होने की तारीख से पूर्व मान्यताप्राप्त दिवाला व्यावसायिक संस्थाएं, 31 दिसम्बर, 2021 को या इससे पूर्व खंड (ख) और खंड (ग) के उपबंधों का अनुपालन करेंगी ।

स्पष्टीकरण - इस उप-विनियम के खंड (ख) के प्रयोजनों के लिए 'शुद्ध मूल्य' से अभिप्रेत है -

(i) किसी कंपनी की दशा में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(57) के अधीन यथा-परिभाषित शुद्ध मूल्य;

(ii) किसी रजिस्ट्रीकृत भागीदारी फर्म या सीमित दायित्व भागीदारी की दशा में, पूंजीगत खाते में भागीदारों के अंशदान और संचित हानि, यदि कोई है, को घटाकर उनके अवितरित लाभों का योग ।]

[24][(2) उप-विनियम (1) के अधीन पात्र कोई व्यक्ति, दिवाला व्यावसायिक संस्था के रूप में मान्यता लेने के लिए बोर्ड को दूसरी अनुसूची के प्ररूप ग में [25][दो लाख]रूपए की आवेदन फीस सहित आवेदन कर सकेगा ।]

---

[22] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[23] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[24] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2018-19/जी.एन./आर.ई.जी.036, दिनांकित 11-10-2018 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[25] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[26][(3) बोर्ड, इस विनियम के अधीन किए गए आवेदन को उसकी प्राप्ति के सात दिन के भीतर अभिस्वीकार करेगा ।

(4) बोर्ड, आवेदन की परीक्षा करने के पश्चात्,-

(i) आवेदक से युक्तिसंगत समय के भीतर ऐसे अतिरिक्त दस्तावेज़, जानकारी या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा;

(ii) आवेदक का निरीक्षण या जांच कर सकेगा;

(iii) आवेदक के किसी निदेशक या भागीदार से किन्हीं स्पष्टीकरणों के लिए युक्तिसंगत समय के भीतर उसके समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की अपेक्षा कर सकेगा,

जैसा आवेदन पर विचार करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक हो ।]

13. [27][(1) (क) जहां विनियम 12 के उप-विनियम (4) के अधीन आवेदन पर विचार करने के पश्चात् बोर्ड,-

(i) का यह समाधान हो जाता है कि आवेदक इन विनियमों के अधीन पात्र है वहां वह आवेदन प्राप्त होने के साठ दिन के भीतर, आवेदक द्वारा विनियम 12 के उप-विनियम (4) के अधीन, यथास्थिति, अतिरिक्त दस्तावेज़, जानकारी या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में लिए गए समय को छोड़कर, दिवाला व्यावसायिक संस्था के रूप में मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान कर सकेगा;

(ii) की प्रथमदृष्टया राय यह है कि मान्यता प्रदान नहीं की जानी चाहिए वहां वह ऐसी राय उसके कारणों सहित संसूचित करेगा और अंतिम राय बनाने में स्वयं को समर्थ बनाने के लिए आवेदक को, बोर्ड से संसूचना प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर देगा ।

(ख) बोर्ड, आवेदक द्वारा खंड (क) के अधीन प्रस्तुत किया गया स्पष्टीकरण, यदि कोई है, प्राप्त करने के तीस दिन के भीतर -

(i) दिवाला व्यावसायिक संस्था के रूप में मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान करेगा; या

(ii) आवेदन को, आदेश द्वारा, उसके लिए कारण अभिलिखित करते हुए, नामंजूर करेगा ।

(ग) बोर्ड, खंड (क) या खंड (ख) के अधीन दिवाला व्यावसायिक संस्था के रूप में मान्यता प्रमाणपत्र, दूसरी अनुसूची के प्ररूप घ में प्रदान करेगा ।]

---

[26] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा अंतःस्थापित ।

[27] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(2) यह मान्यता इस शर्त पर आधारित होगी कि दिवाला व्यावसायिक संस्था -

(क) हमेशा विनियम (12) के तहत अपेक्षाओं को लगातार पूरा करेगी;

[28][(ख) जब कोई व्यक्ति, उसका, यथास्थिति, निदेशक या भागीदार नहीं रहता है, बोर्ड को [29][तीस] दिन के भीतर दो हजार रूपए की फीस सहित दूसरी अनुसूची के प्ररूप च में सूचित करेगी;

[30][परन्तु जब कोई व्यक्ति भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (संशोधन) विनियम, 2020 के प्रारंभ होने की तारीख से और 31 दिसम्बर, 2020 तक, यथास्थिति, उसका निदेशक या भागीदार नहीं रह जाता है, तब दिवाला व्यावसायिक संस्था ऐसा निदेशक या भागीदार न रहने के तीस दिन के भीतर बोर्ड को सूचित करेगी]

[31][परन्तु यह और कि जब कोई व्यष्टि, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (संशोधन) विनियम, 2021 के प्रारंभ की तारीख से और 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त अवधि तक यथास्थिति, उसका निदेशक या भागीदार नहीं रह जाता है तब दिवाला व्यावसायिक संस्था, ऐसा निदेशक या भागीदार न रहने के तीस दिन के भीतर बोर्ड को सूचित करेगा;]

(ग) जब कोई व्यक्ति, उसमें यथास्थिति, निदेशक या भागीदार के रूप में शामिल होता है, बोर्ड को [32][तीस] दिन के भीतर दो हजार रूपए की फीस सहित दूसरी अनुसूची के प्ररूप च में सूचित करेगी;

[33][परन्तु जब कोई व्यक्ति भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (संशोधन) विनियम, 2020 के प्रारंभ होने की तारीख से और 31 दिसम्बर, 2020 तक, यथास्थिति, उसके निदेशक या भागीदार के रूप में प्रवेश करता है, तब

---

[28] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2018-19/जी.एन./आर.ई.जी.036, दिनांकित 11-10-2018 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[29] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[30] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2020-2021/जी.एन./आर.ई.जी.057, दिनांकित 20-04-2020 द्वारा अंतःस्थापित ।

[31] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2021-2022/जी.एन./आर.ई.जी.073, दिनांकित 27-04-2021 द्वारा अंतःस्थापित ।

[32] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[33] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2020-2021/जी.एन./आर.ई.जी.057, दिनांकित 20-04-2020 द्वारा अंतःस्थापित ।

दिवाला व्यावसायिक संस्था ऐसे निदेशक या भागीदार के रूप में प्रवेश करने के तीस दिन के भीतर बोर्ड को सूचित करेगी]

[34][परन्तु यह और कि जब कोई व्यष्टि, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) (संशोधन) विनियम, 2021 के प्रारंभ की तारीख से और 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त अवधि तक यथास्थिति, उसके निदेशक या भागीदार के रूप में प्रवेश करता है तब दिवाला व्यावसायिक संस्था, ऐसे प्रवेश से तीस दिन के भीतर बोर्ड को सूचित करेगा;]

(गक) बोर्ड को, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में उसके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से हुए आवर्त के [35][एक प्रतिशत] प्रतिशत की दर पर संगणित फीस का संदाय, दूसरी अनुसूची के प्ररूप छ में की विवरणी सहित [36][30 अप्रैल को या उससे पूर्व करेगा:

परन्तु वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिक संस्था इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2020 को या उससे पूर्व करेगी; और"। ]

[37][परन्तु यह और कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिकसंस्था, इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2021 को या उससे पूर्व करेगा; और ।]

[38][परन्तु यह और कि यदि दिवाला व्यावसायिक संस्था, दिवाला व्यावसायिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत है तो इस उप-विनियम के प्रयोजनार्थ सेवाओं के अंतर्गत वे सेवाएं नहीं आएंगी जो विनियम 7 के उप-विनियम (2) के खंड (गक) के तीसरे परन्तुक के अधीन उपबंधित दिवाला व्यावसायिक के रूप में प्रदान की जाती हैं।]

[39][(गख) बोर्ड को प्रत्येक वर्ष 15 अक्तूबर तक, पिछले वित्तीय वर्ष के लिए प्ररूप ज में एक अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगी:

---

[34] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2021-2022/जी.एन./आर.ई.जी.073, दिनांकित 27-04-2021 द्वारा अंतःस्थापित ।

[35] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[36] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2020-2021/जी.एन./आर.ई.जी.057, दिनांकित 20-04-2020 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[37] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2021-2022/जी.एन./आर.ई.जी.073, दिनांकित 27-04-2021 द्वारा अंतःस्थापित ।

[38] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.097, दिनांकित 20-09-2022 द्वारा अंतःस्थापित ।

[39] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2019-20/जी.एन./आर.ई.जी.049, दिनांकित 25-10-2019 द्वारा अंतःस्थापित ।

परन्तु 31 मार्च, 2019 को मान्यताप्राप्त कोई दिवाला व्यावसायिक संस्था, बोर्ड को वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए 31 दिसम्बर, 2019 तक प्ररूप ज में एक अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगी ।]

(घ) ऐसी अन्य शर्तों, जो भी विनिर्दिष्ट हैं, का पालन करेगा।

(3) कोई दिवाला व्यावसायिक संस्था ऐसी भागीदारी या निदेशकता के दौरान दिवाला व्यावसायिक के रूप में वचनबद्ध अपने भागीदारों या निदेशकों के सभी कार्यों या कृत्यों का संयुक्ततः और पृथकतः रूप से उत्तरदायी होगा।

14. जहां बोर्ड का मानना है कि किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था की मान्यता रद्द करने के लिए पर्याप्त कारण हैं तो वह एक तार्कसंगत आदेश पारित करके ऐसा कर सकता है।

[40]**[15. ब्याज** - ऐसी किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जो बोर्ड, जैसा कि वह संहिता या उसके अधीन बनाए गए किन्हीं विनियमों के अधीन उचित समझे, कर सकता है, किसी दिवाला व्यावसायिक या किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था द्वारा फीस के संदाय में विलंब करने पर, इन विनियमों के अधीन फीस का संदाय करने की अंतिम तारीख के पश्चात् असंदत्त फीस की रकम पर 12 प्रतिशत वार्षिक दर पर साधारण ब्याज बोर्ड को संदत्त किया जाएगा ।

[40] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2018-19/जी.एन./आर.ई.जी.036, दिनांकित 11-10-2018 द्वारा अंतःस्थापित ।

## प्रथम अनुसूची

**[[41]विनियम 7(2)(ज) के अधीन]**

## दिवाला व्यवसायिकों हेतु आचार संहिता

## स्वतंत्रता और निष्पक्षता

1. एक दिवाला व्यावसायिक ईमानदार, स्पष्टवादी और अपने समस्त व्यावसायिक संबंधों में निष्कपट रहेगा।

2. एक दिवाला व्यावसायिक किन्हीं तथ्यों या परिस्थितियों को गलत तरीके से पेश नहीं करेगा और किसी ऐसे कार्य में लिप्त नहीं होगा जिससे व्यवसाय की बदनामी हो।

3. एक दिवाला व्यावसायिक अपने व्यावसायिक कार्यों में यह सुनिश्चित करते हुए निष्पक्षता से कार्य करेगा कि उसके द्वारा लिए गए निर्णय पक्षपात रहित, हितों के टकराव और दबाव रहित हों, तथा किसी पक्ष का अनुचित प्रभाव नहीं हो, भले ही वह दिवाला कार्रवाई से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है अथवा नहीं।

[42][3क. दिवाला व्यावसायिक को, जब कभी नियत कार्य के दौरान कोई हित-संघर्ष उसके सामने आता है, ऐसे किसी हित-संघर्ष के ब्यौरे हितधारकों को प्रकट करने चाहिएं ।]

4. एक अंतरिम संकल्प व्यावसायिक, संकल्प व्यावसायिक, समापक या शोधन अक्षमता न्यासी के रूप में नियुक्त कोई दिवाला व्यावसायिक को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वयं को ऋणदाता की किसी आस्ति का अधिग्रहण नहीं करेगा और नहीं जानते बूझते किसी रिश्तेदार को भी ऐसा करने की अनुमति नहीं देगा।

5. एक दिवाला व्यावसायिक को अपने व्यावसायिक संबंधों में पूर्ण स्वतंत्रता रखनी चाहिए और दिवाला संकल्प, समापन या शोधन अक्षमता प्रक्रिया, जैसा भी मामला हो, को बाह्य प्रभावों से दूर रखना चाहिए।

---

[41] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2017-18/जी.एन./आर.ई.जी.027, दिनांकित 27-03-2018 द्वारा प्रतिस्थापित ।

[42] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2019-20/जी.एन./आर.ई.जी.045, दिनांकित 23-07-2019 द्वारा अंतःस्थापित ।

6. यदि दिवाला व्यावसायिक समापन या शोधन अक्षमता प्रक्रिया के दौरान जब ऋणी की आस्तियों से संबंधित कार्य कर रहा है तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि वह या उसके संबंधी ऐसी किसी संपत्ति का प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से जानते बूझते अधिग्रहण नहीं कर रहे है अन्यथा यह माना जाएगा कि  समापन या शोधन अक्षमता प्रक्रिया में विषय से संबंधित कोई कमी, निष्पक्षता और स्वतंत्रता नहीं थी और इस मामले में बोर्ड का अनुमोदन ले लिया गया है।

7. कोई दिवाला व्यावसायिक संहिता के तहत कोई कार्य नहीं लेगा यदि वह, उसका कोई संबंधी उस दिवाला व्यावसायिक निकाय, जिसका वह भागीदार या निदेशक है, या जिसका वह दिवाला व्यावसायिक किसी भागीदार या वह निदेशक  है, कारपोरेट व्यक्ति/ऋणी या इससे संबंधित पक्षों के संबंध में संहिता के तहत प्रक्रियाओं से संबंधित विनियम के अनुसरण में स्वतंत्र नहीं है।

8. एक दिवाला व्यावसायिक संहिता की धारा 53 या 178 के तहत वितरण के पात्र किसी हितधारक के साथ किसी आर्थिक या व्यक्तिगत संबंधों का प्रकटीकरण करेगा और संबंधित कारपोरेट व्यक्ति/ऋणी को इसकी जानकारी मिलते ही आवेदक, लेनदारों की समिति और नियुक्ति के लिए प्रस्तावित व्यक्तियों, जैसा भी लागू है, को घोषणा करके प्रकटीकरण करेंगे।
**[43][**8क. कोई दिवाला व्यावसायिक, लेनदारों की समिति और उस दिवाला व्यावसायिक एजेंसी को, जिसका वह व्यावसायिक सदस्य है, इस बारे में प्रकटीकरण करेगा कि क्या वह किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्था का कर्मचारी था या उनके द्वारा पैनलित किया गया है और एजेंसी ऐसे प्रकटन को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगी ।]

[44][8ख. कोई दिवाला व्यावसायिक, उस दिवाला व्यावसायिक एजेंसी को, जिसका वह सदस्य है, कारपोरेट ऋणी, उसके द्वारा नियोजित अन्य व्यावसायिकों, वित्तीय लेनदारों, अंतरिम वित्त प्रदाताओं और भावी समाधान आवेदकों के साथ अपने संबंध को, यदि कोई है, इसमें इसके नीचे विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रकट करेगा:

| **दिवाला व्यावसायिक का निम्नलिखित के साथ संबंध** | **प्रकटन तीन दिन के भीतर किया जाना है** |
|---|---|

[43] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2017-18/जी.एन./आर.ई.जी.027, दिनांकित 27-03-2018 द्वारा अंतःस्थापित ।
[44] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.088, दिनांकित 04-07-2022 द्वारा अंतःस्थापित ।

| (1) | (2) |
|---|---|
| कारपोरेट ऋणी | उसकी नियुक्ति के |
| रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक/लेखाकार/विधिक व्यावसायिक/उसके द्वारा नियुक्त अन्य व्यावसायिक | व्यावसायिकों की नियुक्ति के |
| वित्तीय लेनदार | लेनदारों की समिति के गठन के |
| अंतरिम वित्त प्रदाता | अंतरिम वित्त प्रदाता के साथ करार के |
| भावी समाधान आवेदक | भावी समाधान आवेदक को सूचना ज्ञापन का प्रदाय किए जाने के |
| यदि उपरोक्त में से किसी के साथ संबंध की जानकारी बाद में मिलती है या उद्भूत होती है | ऐसी जानकारी मिलने या उद्भूत होने के |

8ग. कोई दिवाला व्यावसायिक, उस दिवाला व्यावसायिक एजेंसी को, जिसका वह सदस्य है, उसके द्वारा नियोजित अन्य व्यावसायिकों के स्वयं के साथ, कारपोरेट ऋणी, वित्तीय लेनदार, अंतरिम वित्त प्रदाता, यदि कोई है, और भावी समाधान आवेदक के साथ संबंध का, यदि कोई है, नीचे विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रकटन सुनिश्चित करेगा:

| **अन्य व्यावसायिकों का निम्नलिखित के साथ संबंध** | **प्रकटन तीन दिन के भीतर किया जाना है** |
|---|---|
| (1) | (2) |
| दिवाला व्यावसायिक | अन्य व्यावसायिक की नियुक्ति के |
| कारपोरेट ऋणी | अन्य व्यावसायिक की नियुक्ति के |
| वित्तीय लेनदार | लेनदारों की समिति के गठन के |
| अंतरिम वित्त प्रदाता | अंतरिम वित्त प्रदाता के साथ करार के या अन्य व्यावसायिक की नियुक्ति के तीन दिन, इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो, के |
| भावी समाधान आवेदक | भावी समाधान आवेदक को सूचना ज्ञापन का प्रदाय किए जाने के या अन्य व्यावसायिक की नियुक्ति के तीन दिन, इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो, के |
| यदि उपरोक्त में से किसी के साथ संबंध की जानकारी बाद में मिलती है या उद्भूत होती है | ऐसी जानकारी मिलने या उद्भूत होने के |

स्पष्टीकरण: उपरोक्त खंड 8ख और 8ग के प्रयोजनों के लिए, "संबंध" से, अन्य व्यावसायिकों की नियुक्ति या इसके पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान किसी भी समय निम्नलिखित चार प्रकार के संबंधों में से किसी एक या अधिक प्रकार का संबंध अभिप्रेत होगा:

| **संबंध का प्रकार** | **संबंध की प्रकृति** |
|---|---|
| (1) | (2) |
| क | जहां, यथास्थिति, दिवाला व्यावसायिक या अन्य व्यावसायिक ने, किसी वर्ष में अपना 5 प्रतिशत या उसके अधिक सकल राजस्व, संबंधित पक्षकार को दी गई व्यावसायिक सेवाओं से व्युत्पन्न किया है । |
| ख | जहां, यथास्थिति, दिवाला व्यावसायिक या अन्य व्यावसायिक संबंधित पक्षकार का कोई शेयरधारक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या भागीदार है । |
| ग | जहां, यथास्थिति, दिवाला व्यावसायिक या अन्य व्यावसायिक का कोई नातेदार (पति/पत्नी, माता-पिता, पति/पत्नी के माता पिता, अपने या पति/पत्नी के भाई-बहन और संतान) का संबंधित पक्षकार के साथ क या ख प्रकार का संबंध है । |
| घ | जहां, यथास्थिति, दिवाला व्यावसायिक या अन्य व्यावसायिक, किसी कंपनी, फर्म या एल.एल.पी., जैसे दिवाला व्यावसायिक संस्था या रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक, का भागीदार या निदेशक है, वहां ऐसी कंपनी, फर्म या एल.एल.पी. के प्रत्येक भागीदार या निदेशक का संबंधित पक्षकार के साथ क, ख या ग प्रकार का संबंध । |

8घ. कोई दिवाला व्यावसायिक, स्वयं द्वारा और उसके द्वारा नियुक्त अन्य व्यावसायिकों द्वारा समयबद्ध और सही प्रकटन सुनिश्चित करेगा और उस दिवाला व्यावसायिक एजेंसी को, जिसका वह व्यावसायिक सदस्य है, इस आशय का पुष्टिकरण प्रदान करेगा कि प्रत्येक अन्य व्यावसायिक की नियुक्ति, यदि कोई है, निर्बंधित संबंधों के आधार पर की गई है ।]

9. कोई दिवाला व्यावसायिक लेनदारों की समिति या ऋणी या अन्य हितधारकों को संहिता के तहत निर्णय या कार्य को प्रभावित नहीं करेगा, ताकि अपने स्वयं के लिए या अपने संबंधित पक्षकारों के किसी अनुचित या गलत लाभ नहीं ले या अनुचित या गलत लाभों के लिए किन्हीं अन्य व्यक्तियों के लिए कोई अनुचित वरीयता न हो और किन्हीं गलत उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए की अवैध या गलत साधनों को नहीं अपनाएगा।

**व्यावसायिक सक्षमता**

10. किसी दिवाला व्यावसायिक को सक्षम व्यावसायिक सेवा प्रदान करने के लिए उसकी व्यावसायिक जानकारी और कौशलता को बढ़ाना होगा।

**सही तथ्यों और गलत फहमियाँ दूर करने का वर्णन**

11. किसी दिवाला व्यावसायिक को संहिता के तहत किसी गलतफहमी या गलत प्रतिफल, जिसका उसे पता है, को ऐसे व्यक्तियों को, जैसा कि संहिता के अनुसार जैसा भी आवश्याक हो।

12. किसी दिवाला व्यावसायिक को बोर्ड, निर्णायक प्राधिकारी, या किसी हितधारक, जैसा भी लागू हो, से कोई महत्वपूर्ण  सूचना नहीं छिपानी चाहिए या उन्हें गलत विवरण देकर भ्रमित नहीं करना चाहिए।

**समय-सीमाएं**

13. किसी दिवाला व्यावसायिक को दिवाला संकल्प, समापन या शोधन अक्षमता प्रक्रिया, जैसा भी मामला हो, के लिए संहिता और नियमों, विनियमों और उसके तहत दिशा-निदेशों में निर्धारित समय-सीमा का पालन करेगा और अपने कार्यों की ध्यानपूर्वक योजना बनाएगा और अपने कर्तव्यों का समय से निर्वहन करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ यथाशीघ्र संवाद करेगा।

14. कोई दिवाला व्यावसायिक संहिता के तहत अपने कार्यों और कर्तव्यों को करते समय गलत उद्देश्य या लापरवाही से कार्य नहीं करेगा।

**सूचना प्रबंधन**

15. किसी दिवाला व्यावसायिक को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि हितधारकों के साथ सभी संवाद भले ही वे नोटिस, रिपोर्ट, अपडेट, दिशा-निदेश या स्पष्टीकरण

के रूप में हो, अग्रिम और साधारण, स्पष्ट और प्राप्तकर्ताओं द्वारा आसानी से समझे जाने वाले तरीके से किए गए हैं।

[45][15क. कोई दिवाला व्यावसायिक, किसी हितधारक को अपनी समस्त संसूचनाओं में, अपना नाम, पता, ईमेल, रजिस्ट्रीकरण संख्यांक और उस दिवाला व्यावसायिक एजेंसी द्वारा, जिसका वह सदस्य है, जारी असाइनमेंट के प्राधिकार की विधिमान्यता, यदि कोई है, प्रमुख रूप से कथित करेगा ।]

16. किसी दिवाला व्यावसायिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह लिए गए किसी भी निर्णय, निर्णय लेने के कारण और ऐसे निर्णय के समर्थन में सूचना और साक्ष्यों का समसामयिक लिखित रिकार्ड रखता है। यह उसके निर्णयों और कार्रवाइयों की औचित्य पर विचार करने के लिए किसी तार्किक व्यक्ति को पर्याप्त रूप से सक्षम बनाता है।

17. किसी दिवाला व्यावसायिक किसी हितधारक के साथ जब तक कोई निजी संवाद नहीं करेगा, तबतक कि संहिता, नियमों, विनियमों, उनके तहत दिशा-निदेशों या निर्णायक प्राधिकारी के आदेशों द्वारा यह अपेक्षित नहीं हो।

18. किसी दिवाला व्यावसायिक को बोर्ड, बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति या दिवाला व्यावसायिक एजेंसी, जिसमें वह नामांकित किया गया है, द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण और जांच के लिए उपस्थित होना होगा और सहयोग करना होगा।

19. किसी दिवाला व्यावसायिक को, बोर्ड या दिवाला व्यावसायिक एजेंसी, जिसमें वह नामांकित किया गया है, के द्वारा अपेक्षित सभी सूचना और रिकार्ड उपलब्ध करवाना होगा।

20. किसी दिवाला व्यावसायिक को बोर्ड द्वारा आयोजित किसी आवधिक अध्ययन, अनुसंधान और लेखा परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा और सूचना उपलब्ध करवानी होगी।

**गोपनीयता**

21. किसी दिवाला व्यावसायिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि दिवाला संकल्प प्रक्रिया, समापन या शोधन अक्षमता प्रक्रिया, जैसा भी मामला हो, के संबंध में सूचना की हमेशा

---

[45] अधिसूचना सं. आई.बी.बी.आई./2022-23/जी.एन./आर.ई.जी.088, दिनांकित 04-07-2022 द्वारा अंतःस्थापित ।

गोपनीयता रखी गई है। तथापि, इससे संबंधित पक्षों की सहमति या कानून की अपेक्षा पर कोई सूचना उपलब्ध कराने से नहीं रोका जाएगा।

**व्यावसाय, रोजगार और प्रतिबंध**

22. किसी दिवाला व्यावसायिक को क्षमता से अधिक कार्य लेने से रोकना होगा, यदि वह अपने प्रत्येक कार्य को पर्याप्त समय देने में समर्थ नहीं है।

[46][**स्पष्टीकरण**: किसी दिवाला व्यावसायिक के पास, कारपोरेट समाधान प्रक्रिया में समाधान व्यावसायिक के रूप में किसी भी समय दस नियतकार्यों (असाइनमेंट) से अधिक नहीं हो सकेंगे, जिनमें से तीन से अनधिक नियतकार्यों में, प्रत्येक में एक हज़ार करोड़ रुपए से अधिक के स्वीकृत दावे होंगे ।]

23. कोई दिवाला व्यावसायिक अन्य कोई रोजगार नहीं करेगा जब तक कि वह दिवाला व्यावसायिक संस्था जिसके साथ वह पंजीकृत है, का सदस्यता प्रमाणपत्र अस्थाई रूप से त्याग नहीं करता।

[47][23. किसी दिवाला व्यावसायिक को, जब वह नियत कार्य के लिए कोई विधिमान्य प्राधिकार धारण करता है या जब वह किसी नियत कार्य को कर रहा है, कोई नियोजन नहीं करना चाहिए।

23क. जहां किसी दिवाला व्यावसायिक ने किसी कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया का संचालन किया है वहां वह और उसके नातेदार, ऐसे किसी लेनदार, जिसकी मतदान शक्ति दस प्रतिशत से अधिक है, सफल समाधान आवेदक, कारपोरेट ऋणी या उनसे संबद्ध किसी पक्षकार को, संहिता के अधीन दी जाने वाली सेवाओं से भिन्न कोई व्यावसायिक सेवाएं प्रदान नहीं करेंगे या खुली प्रतियोगिता भर्ती के माध्यम से प्राप्त नियोजन से भिन्न कोई नियोजन तब तक स्वीकार नहीं करेंगे जब तक ऐसी प्रक्रिया से उसके विराम की तारीख से एक वर्ष की अवधि व्यतीत न हो गई हो ।

23ख. कोई दिवाला व्यावसायिक, अपने किसी नियत कार्य से संबंधित किसी कार्य के लिए या उसके संबंध में अपने किसी नातेदार या संबद्ध पक्षकार को नहीं लगाएगा या नियुक्त करेगा ।

23ग. कोई दिवाला व्यावसायिक, ऐसे किसी नियत कार्य के लिए या उसके संबंध में, जो उसके किसी नातेदार या संबद्ध पक्षकार द्वारा किया जा रहा है, कोई सेवा उपलब्ध नहीं कराएगा ।

---

[46] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2021-22/जी.एन./आर.ई.जी.077, दिनांकित 22-07-2021 द्वारा अंतःस्थापित ।

[47] अधिसूचना सं.आई.बी.बी.आई./2019-20/जी.एन./आर.ई.जी.045, दिनांकित 23-07-2019 द्वारा प्रतिस्थापित ।

स्पष्टीकरण - खंड 23क से 23ग के प्रयोजनार्थ, "संबद्ध पक्षकार" का वहीं अर्थ होगा जो धारा 5 के खंड (24क) में उसका है किन्तु इसके अंतर्गत ऐसी दिवाला व्यावसायिक संस्था नहीं आती है, जिसका दिवाला व्यावसायिक एक भागीदार या निदेशक है ।]

24. कोई दिवाला व्यावसायिक ऐसा व्यापार नहीं करेगा जो बोर्ड के अनुसार व्यावसय की प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं है।

**पारिश्रमिक एवं लागत**

25. किसी दिवाला व्यावसायिक पारिश्रमिक के लिए सेवा प्रदान करेगा, जो कि पारदर्शिता से वसूल किया जाए तथा कार्य को आवश्यक रूप से और उचित रूप से करने को दर्शाता है और लागू विनियमों के अनुरूप है।

